p>

Title: Request the government to grant special package to farmers who lost their crops due to heavy rain fall and hailstorm in Bihar.

श्रीमती कविता सिंह (सिवान): माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने शून्यकाल के माध्यम से अपने लोक सभा क्षेत्र की समस्याओं को उठाने का सौभाग्य प्रदान किया है, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं । विगत दिनों में जो बारिश हुई है, उसमें सिवान जिला सहित पूरे बिहार में बारिश और ओलावृष्टि के कारण किसानों को भारी क्षति और नुकसान का सामना करना पड़ रहा है । महोदय, मैं इस सदन के माध्यम से सरकार से मांग करती हूं कि ऐसे गरीब किसानों को ध्यान में रखते हुए विशेष पैकेज देने का कष्ट करें, ताकि जो किसान कृषि पर आधारित हैं, वे अपना जीवनयापन सही ढंग से कर सकें । आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।